राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद संख्या–76 (लो0सू0अ0)/2023–24

श्री रंजीत पंडित, ग्रा.–गाजीपुर, पो.–उफरौल, भया–देसरी, जिला–वैशाली–844504

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
11.09.2023	श्री रंजीत पंडित, ग्रा.–गाजीपुर, पो.–उफरौल, भया–देसरी, जिला–वैशाली–844504 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–06.09.2023 इस कार्यालय में दिनांक–11.09.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–60F 442546 दिनांक–अस्पष्ट संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलार्थी श्री रंजीत पंडित ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–19.07.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा दी गयी सूचना से असंतुष्ट होने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार, राज्यपाल सचिवालय के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही श्री रंजीत पंडित उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–19.07.2023 की प्रति भी संलग्न है। लोक सूचना पदाधिकारी से उपर्युक्त प्रपत्र 'क' दिनांक–19.07.2023 से संबंधित अभिलेख/प्रतिवेदन की मॉग करें तथा अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–27.09.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। 11/9/2023 **विशेष कार्य पदाधिकारी** **–सह–** **प्रथम अपीलीय प्राधिकार**	

ज्ञापांक- 1414/रा.स.(111) दिनांक- 12-09-2023

प्रतिलिपि-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/श्री रंजीत पंडित, ग्रा.-गाजीपुर, पो.-उफरौल, भया-देसरी, जिला-वैशाली 844504 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11/9/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी

अपील वाद संख्या–76 (लो०सू०अ०)/2023–24

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक
27.09.2023	दिनांक-11.09.2023 को पारित आदेश के क्रम में लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय का प्रतिवेदन प्राप्त है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार उन्होंने प्रपत्र-'क' दिनांक-19.07.2023 के क्रम में सूचना का प्रेषण अपने पत्रांक-168 दिनांक-25.09.2023 के माध्यम से अपीलार्थी श्री रंजीत पंडित को कर दिया है। अपीलार्थी द्वारा अपने प्रथम अपील आवेदन में प्रपत्र-'क' समर्पित करने की तिथि 20.07.2023 अंकित है, जबकि उन्होंने अपने अपील आवेदन के साथ प्रपत्र-'क' दिनांक-19.07.2023 की छायाप्रति संलग्न किया है। लोक सूचना पदाधिकारी ने उनके प्रपत्र-'क' के माध्यम से मांगी गयी सूचना का प्रेषण कर दिया है तथा इसके अतिरिक्त किसी प्रकार की सूचना दिया जाना आवश्यक प्रतीत नहीं होती है। अतः इस प्रथम अपील पर किसी प्रकार की अग्रतर कार्रवाई की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। तद्नुसार सभी संबंधित को सूचित करें। 27/9/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी -सह- प्रथम अपीलीय प्राधिकार

ज्ञापांक-1506/रा०स०(III) दिनांक-29-09-2023

प्रतिलिपिः-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/श्री रंजीत पंडित, ग्रा.-गाजीपुर, पो.-उफरौल, भया-देसरी, जिला-वैशाली-844504को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/9/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी